मनमानी
कलेक्टर के आदेश के बाद भी साईखेड़ा बाजार से गुजर रहे फ्लाई ऐश से भरे 22 चके के डंपर

# प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**नवभारत,नरसिंहपुर,साईखेड़ा।** नरसिंहपुर कलेक्टर द्वारा 19 जून 2026 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कोयला, फ्लाई ऐश एवं अन्य खनिजों का परिवहन करने वाले भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में गाडरवारा-साईखेड़ा मार्ग सहित एनटीपीसी प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद स्टेट हाईवे-44 स्थित साईखेड़ा बाजार से एनटीपीसी की फ्लाई ऐश से भरे 22 चक्के के डंपर एवं ट्राले लगातार गुजरते देखे जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कलेक्टर के स्पष्ट आदेश के बाद भी भारी वाहनों की आवाजाही पर




प्रभावी रोक नहीं लगाई गई है। बाजार क्षेत्र से दिनभर गुजरने वाले इन वाहनों के कारण आमजन, व्यापारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर परेशान हैं। भारी वाहनों के कारण बाजार में जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। कलेक्टर के आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि फ्लाई ऐश एवं कोयला परिवहन करने वाले सभी वाहनों को पूरी तरह तिरपाल से ढंकना अनिवार्य होगा तथा परिवहन के दौरान किसी प्रकार की धूल या राख सड़क पर नहीं गिरनी चाहिए। साथ ही ऐसे वाहनों की अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

### रोक लगाई जाए


आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई किए जाने का प्रावधान भी किया गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन नहीं कराया गया तो जनसुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य अधूरे रह जाएंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि साईखेड़ा बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा आदेश का उल्लंघन करने वाले परिवहनकर्ताओं और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वान

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने, आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग करने तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया। वे शनिवार को पीजी कॉलेज गाडरवारा के ऑडिटोरियम में कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने कहा कि हरित क्रांति से जहां फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई, वहीं अब प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि नरसिंहपुर जिला कृषि क्षेत्र में पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक है, क्योंकि यहां उपजाऊ भूमि, पर्याप्त जल संसाधन, अनुकूल जलवायु और बाजार की उपलब्धता है।

## अघोषित बिजली कटौती से बेहाल करकबेल परिक्षेत्र के लोग

**नवभारत,गोटेगांव।** जिला नरसिंहपुर की तहसील गोटेगांव के करकबेल परिक्षेत्र में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन-रात अनगिनत बार बिजली गुल होने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली कटौती के कारण नवजात शिशुओं, बच्चों, बुजुर्गों और गृहणियों की तबीयत बिगड़ रही है। पंखे, कूलर और एसी शो-पीस बनकर रह गए हैं। रात में बार-बार बिजली जाने से लोग चैन की नींद नहीं ले पा रहे, जिससे चिड़चिड़ापन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार बिजली आने-जाने से टीवी, फ्रिज, कूलर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक



नुकसान उठाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का सवाल है कि 24 घंटे में अनगिनत बार बिजली कटौती होना किस बात का संकेत है? क्या मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की हालत गंभीर है? उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि अघोषित कटौती तत्काल बंद कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाएं, ताकि विद्युत वितरण कंपनी के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे। सभी का एक ही कहना है बिजली कटौती बंद हो और सप्लाई सक्रिय बने।

## संकट मोचन मंदिर में 341वीं संगीतमय महाआरती संपन्न

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ 341वीं संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया। बजरंग सेना नर्मदा खंड महाआरती समिति द्वारा आयोजित यह महाआरती अब सातवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। कार्यक्रम का आयोजन बजरंग सेना के राष्ट्रीय सचिव रघुनाथ राय द्वारा किया गया। पं. दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से रघुनाथ राय द्वारा विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान संकट मोचन जी को मैंगोशेक, गुड़-चना एवं फलों का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती में श्रद्धालुओं ने श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा व महाआरती का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो उठा। भजन मंडली के श्यामाचरण पाराशर अखिलेश सोनी धर्मेंद्र चौबे मुकेश सोनी व विजेंद्र ठाकुर ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

## वायरल वीडियो में महिला के गंभीर आरोप

**नवभारत,गाडरवारा।** रेलवे स्टेशन के पास बीएलए पावर प्लांट से जुड़े कोयला डंप यार्ड क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में फुटपाथ पर रहने वाली एक महिला ने डंप यार्ड के पास ड्यूटी पर तैनात कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला का कहना है कि उसकी बेटी के साथ अनैतिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला गया तथा पैसे का प्रलोभन भी दिया गया। महिला ने भावुक होकर कहा कि वह भीख मांगकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर लेगी, लेकिन अपनी बेटी की अस्मिता से समझौता नहीं करेगी। वीडियो में महिलाओं के साथ



अभद्र व्यवहार और अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। सोशल मीडिया पर नागरिकों द्वारा आरोपित व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई करने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग उठाई जा रही है। हालांकि, वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही इस संबंध में पुलिस जांच का आधिकारिक निष्कर्ष सामने आया है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। वहीं प्रशासन और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर तथ्य सामने लाने की अपेक्षा की जा रही है।

## बीएसएनएल की सांसे थमीं, दो दिन से सिग्नल गायब रेल पटरी पर खड़े होकर नेटवर्क ढूंढ रहे उपभोक्ता

**नवभारत,गोटेगांव।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल की लचर सेवा से करकबेल क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता दो दिन से डिजिटल दुनिया से कटे हुए हैं। मोबाइल टावर ने दम तोड़ दिया है और जिम्मेदार अफसर कुंभकर्णी नींद में हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बीएसएनएल का सेवा ठप होना अब आदत बन चुकी है। जब-तब नेटवर्क गायब हो जाता है। हद तो तब हो गई जब शिकायत के लिए 1503 डायल किया तो जवाब मिला, कृपया नंबर जांच लें, उक्त नंबर गलत है, अब शिकायत करें भी तो किससे? यह सवाल खुद बीएसएनएल के अफसरों और कर्मचारियों के पास भी नहीं है। हालात इतने बदतर हैं कि रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले उपभोक्ता बात करने के लिए जान जोखिम में डालकर पटरी पर खड़े होने को मजबूर हैं। कभी-कभार धोखे से सिग्नल आ भी जाए तो बात पूरी होने से पहले ही कॉल कट जाता है। दो मिनट की बात के लिए लोगों को घंटों पटरी पर भटकना पड़ रहा है। लगातार टावर ठप रहने और सिग्नल न मिलने से उपभोक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। आखिर सरकारी कंपनी की सेवा बार-बार क्यों दम तोड़ देती है इसके पीछे लापरवाही है या कोई मिलीभगत बैंकिंग, ऑनलाइन पढ़ाई और जरूरी कामकाज सब ठप पड़े हैं।

## एनटीपीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** एनटीपीसी गाडरवारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं ऊर्जा के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों, उनके परिजनों एवं टाउनशिप निवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह चौहान, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी गाडरवारा थे। इस अवसर पर राधेश्याम मौर्य, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), राजीव त्रिपाठी, महाप्रबंधक (परियोजना) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ



हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षिका सुश्री प्राची कुरचानिया, संस्थापक, शैवास योगशाला द्वारा योग सत्र का संचालन किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक श्री हिम्मत सिंह चौहान ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया। अंत में सभी ने नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### एक नजर में

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नागरिकों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चीचली नगर स्थित रानी दुर्गावती के शासन काल की प्राचीन बावड़ी में बावड़ी उत्सव का आयोजन मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान नागरिकों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। मौजूद सभी नागरिकों ने बावड़ी की साफ-सफाई कर बावड़ी को रंगोली से सजाया और पूजा-अर्चना व दीप जलाकर बावड़ी उत्सव मनाया। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था माही सामाजिक विकास संस्थान चीचली, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका के विशेष संयोजन तथा वार्ड विकास समिति चीचली, भीष्म शिक्षा समिति सुखाखेरी, हरदौल जनसेवा समिति बसुरिया एवं भारद्वाज जनकल्याण समिति ईश्वरपुर के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जय नारायण शर्मा ने बताया कि जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावड़ियों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, जल चौपाल, दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बावड़ियां हमारी सांस्कृतिक एवं जल संरक्षण की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण एवं पुनर्जीवन से भूजल स्तर में वृद्धि होती है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकाल में जल संरचनाओं का निर्माण एवं पुनर्भरण, वर्षाकाल में सघन पौधारोपण तथा शीतकाल में जल संचयन हेतु बोरी बंधान एवं गैबियन जैसी संरचनाओं का निर्माण आवश्यक है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक व मप्र जनअभियान परिषद की संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता दी।

### कार की टक्कर से दो घायल

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अंतर्गत चंदन कॉलोनी में शनिवार सुबह कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक आशीष चक्रवर्ती निवासी क्रेशर बस्ती कबीरमठ का शनिवार सुबह लगभग 10-30 बजे घर से निकलकर भूकम्प कॉलोनी काम के लिये जा रहा था, उसका बड़ा भाई रज्जन भी अपनी गाड़ी में पुन्नूलाल गोंड़ को बैठाकर चंदन कॉलोनी होते हुये जा रहे थे उसके बड़े भाई रज्जन आगे आगे मोटर सायकल से जा रहा था पानी की टंकी के पास चंदन कॉलोनी पहुॅचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 के एल 1399 से टक्कर मार दिया जिससे उसका भाई व पुन्नूलाल मोटर सायकल सहित गिर दोनों को चोट आ गई।

### ऑटो ले उड़े चोर

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल के पास खड़ा ऑटो को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है । पुलिस के मुताबिक अंकित कुमार प्रजापति 29 वर्ष निवासी शिवनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो क्रमांक एमपी 20 जेड के 8242 को रानीताल के पास खड़ी करके दुकान पर काम करने चला गया था रात लगभग 10 बजे वापस घर जाने के लिये बाहर आकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था। अज्ञात चोर उसका ऑटो चुराकर ले गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को जांच में ले लिया है।

### मारपीट करने वाले सात लोगों को एक-एक साल की सजा

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सोनाली बंसल की अदालत ने मारपीट करने वाले सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी सचिन सिंह, विकास सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आशीष, वीरेन्द्र सिंह, मुकेश उर्फ कमलेश सिंह तथा रामकृष्ण उर्फ बिन्नू को एक-एक साल की सजा व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं बृजेश असाटी ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि आरोपी सचिन कनौजिया ने अपने पिता की हत्या के मामले में फरियादी तथा उसके भाई अशोक बर्मन, दिनेश बर्मन तथा फरियादी के पिता किशनलाल बर्मन के विरूद्ध न्यायालय में मामला चल रहा है। न्यायालय से जमानत मिलने से वे लोग ग्राम इमलई थाना पनागर में रह रहे थे। 17 अगस्त 2015 को फरियादी अपने भांई दिनेश, अशोक तथा पिता किशनलाल, मामा रमेश बर्मन के साथ जबलपुर न्यायालय में पेशी करने के बाद मेट्रो बस से ग्राम इमलई जा रहे थे।

## कार्मेल स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**नवभारत,करेली।** नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में दिनाँक 15 एवं 16 जून को समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रेरक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षाविद्,मनोवैज्ञानिक एवं मास्टर ट्रेनर मून रे, कलामोहन तथा मेंटर ट्रेनर एवं बुनियादी शिक्षा विशेषज्ञ सुश्री सोनल झावर ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रथम दिवस पर मून रे ने पुस्तक-आधारित अधिगम ब्लूम टैक्सोनॉमी तथा एआई युक्त कक्षाओं जैसे समकालीन विषयों




पर प्रशिक्षण प्रदान किया। द्वितीय दिवस पर कलामोहन एवं सुश्री सोनल झावर ने हितधारकों के साथ मधुर संबंध, शिक्षकों की भूमिका में मार्गदर्शन एवं सहानुभूति का संतुलन तथा शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक एवं सामाजिक मर्यादाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए।

## उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम एवं सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम सिविल कोर्ट की न्यायाधीश प्रियंवदा एस राजोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेविका निशा बर्डिया तथा विशिष्ट अतिथि विधायक महेंद्र नागेश एवं समाजसेवी ओमकार सिंह लोधी की गरिमामय उपस्थिति रही। योग प्रभारी व पतंजलि की तहसील प्रभारी दुर्गा आर्य ने



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का संचालन किया। न्यायाधीश प्रियंवदा राजोरिया ने कहा आज मैं जिस मुकाम पर हूं, इसमें योग का महत्वपूर्ण योगदान है। योग से मानसिक शांति और कार्यक्षमता दोनों बढ़ती है। समाजसेविका निशा बर्डिया ने योग के साथ ध्यान के महत्व पर विशेष जानकारी दी। विधायक महेंद्र नागेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत की प्राचीन संस्कृति योग को सारे विश्व के सामने रखकर भारत की गरिमा को बढ़ाया है। समाजसेवी ओमकार सिंह लोधी ने बताया कि नियमित योग से कैसे निरोग रहा जा सकता है। पतंजलि के जिला प्रभारी राघवेन्द्र आर्य ने आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम पतंजलि महिला योग समिति की राज्य प्रभारी डॉ. पुष्पांजलि शर्मा एवं जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## जिपं उपाध्यक्ष ठाकुर ने दीपेश्वर मंदिर बरमान में योगाभ्यास किया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेन्द्र ठाकुर की मौजूदगी में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दीपेश्वर मंदिर प्रांगण बरमान में शिवाजी यूथ क्लब और शक्ति क्लब के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी नागरिकों ने योग की विभिन्न चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

## वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**नवभारत,गाडरवारा।** 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माई युवा भारत केंद्र नरसिंहपुर की देखरेख में वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी गाडरवारा में युवा बालिकाओं के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार किया तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर योग के महत्व को समझा। योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर कोच अमर मेहरा, माई युवा भारत केंद्र के स्वयंसेवक, आत्मरक्षा प्रशिक्षक राजेश गुरु एवं समाजसेवीगण उपस्थित रहे।

## बीएसएल पब्लिक स्कूल करेली में योगाभ्यास संपन्न

**नवभारत,करेली।** 21 जून 2026 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बी एस एल पब्लिक स्कूल, करेली में शासन के निर्देशानुसार कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में पतंजलि योग पीठ के संरक्षक अयोध्या प्रसाद झारिया,भारत स्वाभिमान पीठ के जिला प्रभारी मनोज नेमा, किसान पंचायत नरसिंहपुर के जिला प्रभारी गोपाल दास अग्रवाल, विद्यालय निर्देशक चेतन लुनावत,प्राचार्य मिथिलेश राजोरिया, अमूल झारिया,पहलाद सिंह, राकेश कुशवाहा, कुंजीलाल बाथरे, ललित खत्री, अजय झारिया एवं नीतू झारिया सहित पतंजलि पीठ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सामूहिक योगाभ्यास विद्यालय के




सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास में भाग लिया। कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। संदेश कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशक चेतन लुनावत ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है जिससे मनुष्य संपूर्ण ऊर्जा के साथ कार्य कर पाता है।

## योग दिवस पर जगह-जगह हुआ योगाभ्यास

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तेंदूखेड़ा सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में योगाभ्यास करते हुए नियमित योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। जिला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में तेंदूखेड़ा के नवनिर्मित सिविल न्यायालय परिसर में न्यायायिक मजिस्ट्रेट शिवकांत कुशवाहा ने अपने न्यायालयीन स्टाफ एडवोकेट ब्रह्म कुमारी बहनों की उपस्थिति में योगा करते हुए स्पष्ट किया कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है। तथा शरीर भी हष्ट-पुष्ट संतुलित रहता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने अपने घरों में ही परिवार के साथ नियमित सामूहिक योगाभ्यास करना चाहिए। इस मौके पर न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। योग



दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल परिसर में में क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम पटैल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ मन शांत एवं जीवन अनुशासित बनता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों ने योग के महत्व तथा इसके लाभों को बताया।

## ग्रामीणों की मांग, लापरवाही करने वालों पर हो कार्यवाही

**नवभारत,गोटेगांव।** जिस जिले को मंत्री का जिला कहकर सीना चौड़ा किया जाता है, उसी की तहसील गोटेगांव के ग्राम बौछार में विकास की कलई पूरी तरह खुल गई है। यहां विकास नहीं, नालियों की सड़ांध बह रही है। चोक नालियां उफनकर सड़कों पर उल्टी कर रही हैं और गंदगी का सैलाब ग्रामीणों की जिंदगी को नर्क बना रहा है। बौछार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है। वीडियो चीख-चीखकर गवाही दे रहा है कि कैसे काले-गंदे पानी ने पूरी सड़क को निगल लिया है। कचरे के अंबार और कीचड़ के बीच जिंदगी रेंग रही है। ग्रामीण पूछ रहे हैं, क्या यही है मंत्री के जिले का विकास मॉडल स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जिया एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत के पोस्टर चमका रही है,



दूसरी तरफ मंत्री के जिले के इस गांव में गंदगी का तांडव है। नालियों की सालों से सफाई नहीं हुई। नतीजा, गली-मोहल्ले गंदे पानी के तालाब बन गए हैं। आवारा जानवर इसी जहर में लोट रहे हैं। हर घर में डायरिया, मलेरिया और डेंगू का खौफ पसरा है। मासूमों और बुजुर्गों की सांसों पर संकट मंडरा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों से यह भी जानकारी प्राप्त हुई है की हर माह साफ सफाई के हजारों रुपए के बिल लगाए जाते हैं लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा और इस तरह से प्रशासन को हर साल लाखों का चूना लगा रहे जिम्मेदार ग्रामीणों का आरोप है कि दर्जनों शिकायतों के बाद भी पंचायत से लेकर अफसर तक कानों में तेल डाले बैठे हैं।

### जनता की चेतावनी

अगर बारिश से पहले यह गंदगी नहीं हटी तो पूरा गांव जलभराव और महामारी की कब्रगाह बन जाएगा। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि जिला प्रशासन अब भी नहीं जागा तो यह विकास की बाढ़ पूरे गांव को बीमारी और बदहाली की दलदल में डुबो देगी। तत्काल नालियां साफ हों और लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरे, वरना जनता का सब्र जवाब देगा। उक्त गंदगी वायरल वीडियो के संबंध में जब हमने बौछार ग्राम पंचायत सरपंच अनीता श्रीवास्तव से संपर्क कर जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




## डूंगरिया में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवभारत,गाडरवारा।** ग्राम डूंगरिया स्थित शासकीय हाई स्कूल में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों का पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में सामूहिक योग अभ्यास कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों, भूतपूर्व छात्रों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को योग के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच अशोक गुर्जर, जनपद सदस्य शारदा बाई, बुद्धा ठाकुर, गणमान्य नागरिक दादुवीर दुबे सहित ग्राम के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।